
# छिंदवाड़ा के पूर्व पुलिस अधीक्षक, डीजी स्पेशल रेलवे मनीष शंकर शर्मा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक और वर्तमान स्पेशल डी.जी. रेल्वे मनीष शंकर शर्मा का निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को बदबदा भोपाल में किया गया। उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हुआ जहां परिजनों के अलावा पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी।

बता दें कि वर्ष 1992 बैच के आई.पी.एस. अफ्सर एवं स्पेशल डी.जी. रेल मनीष शंकर शर्मा वर्ष 2003 से 04 तक छिन्दवाड़ा के पुलिस अधीक्षक रहे। वे लगातार पदोन्नति होकर विभिन्न पदों पर होते हुए विदेश तक में रहे। वर्तमान में वे स्पेशल डी.जी. रेल्वे थे और उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था।

इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह को सुबह भोपाल लाया गया था जहां चार इमली स्थित शासकीय बंगले में



अंतिम दर्शन के बाद भदभदा विश्राम घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि शर्मा 4 से 7 मार्च तक के अवकाश पर चेकअप करवाने के लिए दिल्ली गए थे।

वे कुछ दिन यहीं पर भर्ती रहे। इसके बाद उनकी अस्पताल से छुट्टी कर दी गई। वे मध्य प्रदेश भवन आ गए थे। यहां पर फ्रि से तबीयत खराब हुई। उन्हें पीएसआरआई हॉस्पिटल में ले जाया गया। यहीं पर इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। मनीष शंकर शर्मा के पिता के.एस. शर्मा मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके हैं।

मनीष शंकर शर्मा वर्ष 1992 बैच के आईपीएस अफ्सर हैं। वे 28 फ्रवरी को ही पदोन्नत होकर स्पेशल डी जी बनाए गए थे। वे मूल रूप से नर्मदापुरम होशंगाबाद के निवासी है। वे रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा में पुलिस अधीक्षक रह चुके है।

मनीष शंकर शर्मा ने अपनी सेवाएं संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हर्जेगोविना में भी दी। वे 1997 से 1998 तक यहां पर पदस्थ रहे थे। इस दौरान उन्होंने यहां के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया था।

स्व. शर्मा के सम्मान में 20 जुलाई को अमेरिका के केलिफोर्निया के सैन डिएगो शहर में मनीष शंकर शर्मा दिवस के रूप में मनाया जाता है यह एक भारत के लिए तथा मध्यप्रदेश के धरती के लिए अच्छी बात मानी जा रही है। मनीष शंकर शर्मा के परम मित्र मनीष वैद्यमुथा छिन्दवाड़ा ने गहरा दुख व्यक्त किया और श्रद्धांजली अर्पित की तथा छिन्दवाड़ा जिले के स्व. शर्मा के शुभचिंतको, पत्रकारों और पुलिस परिवार ने भी अपने वरिष्ठ अधिकारी के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

श्रद्धांजली देते हुए इस दुख की घड़ी में ईश्वर से अपने चरणों में स्थान देकर शोकांकित परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें की कामना की गई है। इस अवसर पर अनेक भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के अलावा राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भी शोक व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के यात्रियों को टीका लगाकर दी विदाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत छिंदवाड़ा से वाराणसी एवं अयोध्या दर्शन हेतु विशेष ट्रेन से जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को दुपट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर शुभकामनाएं देकर विदाई दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यह विशेष ट्रेन वाराणसी एवं अयोध्या के लिए रवाना हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वरिष्ठ नागरिक जो इस तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं उनकी सफ्ल यात्रा के लिए मंगल कामना करता हूं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ रेलवे मंडल सदस्य सत्येंद्र ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, जिला मंत्री अरुण चंदेल, राकेश माइकल पहाड़े, दीपू साहू सहित बड़ी संख्या में

## सार समाचार

### आपातकाल के योद्धाओं का राष्ट्रीय सम्मेलन 21 मार्च को दिल्ली में



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 21 मार्च 1977 को आपातकाल देश से समाप्त किया गया था इसलिए इस दिन लोकतंत्र सेनानी संघ विजय दिवस के रूप में मनाता है।

लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश सचिव अजय औरंगाबादकर ने बताया कि आपातकाल योद्धाओं का राष्ट्रीय सम्मेलन 21 मार्च को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद कैलाश सोनी, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण जटिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं मेघराज जैन, पूर्व राज्यसभा सदस्य की उपस्थिति में संपन्न होगा।

आगामी 21 मार्च का कार्यक्रम एन.डी.एम.सी. कन्वर्सन सेंटर जंतर मंतर के सामने नई दिल्ली में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक रहेगा जिसमें छिंदवाड़ा से लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश सचिव अजय औरंगाबादकर, दीनदयाल मोहने, लोकतंत्र सेनानी संघ सचिव मोहन रोड़े, विलास नरोटे, लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष रमेश पोफ्ली, अशोक पोफ्ली, गंगाधर धुर्वे, श्रीकृष्ण बरैया, लोकतंत्र सेनानी जिला कोषाध्यक्ष ईश्वरी चौरसिया, सुधा चौरसिया, गोविंद नेमा, नमिता चौरसिया, सुरेश विनोदे, गौतम सुले सम्मिलत होंगे।

### आवास योजना की राशि का दुरुपयोग करने के बाद राशि वापस न करने पर होगी एफआईआर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के भवन निर्माण प्रारंभ करवाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभ ले चुके हितग्राही रितेश सिंह चौधरी एवं नीलेश सिंह चौधरी पिता सुरेश सिंह चौधरी को प्रस्तुत दस्तावेज एवं शपथ पत्र के आधार पर आवास योजना अंतर्गत एक एक लाख रुपए की राशि वर्ष 2022 में पक्के आवास के निर्माण के लिए बैंक खाते में दी गई थी। परंतु संबंधितों द्वारा आज दिनांक तक ना ही आवास निर्माण किया गया और ना ही राशि वापस की गई है।

जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि वर्तमान में दोनो हितग्राही आर्थिक रूप से सक्षम है एवं राशि वापस करने हेतु पूर्ण रूप से काबिल है। परंतु फ्रि भी इनके द्वारा राशि वापस करने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। जिससे स्पष्ट होता है कि दोनों हितग्राहियों ने नगर निगम से छल करते हुए आवास योजना अंतर्गत धनराशि प्राप्त कर अपराध किया है। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा हितग्राही रितेश सिंह चौधरी एवं नीलेश सिंह चौधरी के विरुद्ध एफ्आईआर करने के आदेश जारी किए गये है। इनके कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 के दंडनीय है। इसके साथ ही आयुक्त ने ऐसे अन्य हितग्राहियों की जांच कर प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### आदिवासी विकास परिषद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनीं माया धुर्वे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद जिला शाखा छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष महेश सराठी एवं कार्यवाहक अध्यक्ष भुनेश परानी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फग्गन सिंह कुलस्ते अध्यक्ष की अध्यक्षता, अ.भा.आ.वि. परिषद मध्यप्रदेश शाखा एवं सांसद मंडला तथा पूर्व राज्यमंत्री भारत सरकार की अनुमति से एवं सुश्री सम्पतिया उइके पी.एच.ई. मंत्री की अनुशंसा से कु. माया धुर्वे पिता मोहन सिंह धुर्वे ब्लाक कॉलोनी तामिया पोस्ट तहसील तामिया जिला छिन्दवाड़ा म.प्र. को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर समस्त आदिवासी समाज की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई दी गयी। श्रीमती धुर्वे ने अपनी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठजनों का आभार मानते हुए परिषद के कार्यो को पूरी निष्ठा से करने की प्रतिज्ञा दोहराई है।

# डायल 100 की वजह से रामदास को मिला उपचार, बची जान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना उमरेठ क्षेत्र अंतर्गत मोरडोंगरी गाँव में अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसकी सूचना मिलते ही डायल-112/100 एफआर व्ही ने युवक को अस्पताल पहुँचाया।

छिंदवाड़ा के थाना उमरेठ क्षेत्र के मोरडोंगरी गाँव में कॉलर के छोटे भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 17 मार्च 2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल उमरेठ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।

डायल-112/100 स्टाफ सैनिक रामदास पवार, पायलेट अभिमन्यु पवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. द्वारा युवक को परिजन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया अस्पताल पहुँचाया गया, डायल 112 जवानों की तत्परता से पीड़ित युवक को समय पर उपचार मिला जिससे उसकी जान बच गई।

# छात्र ही सबसे बड़ी शक्ति व देश का भविष्य : नकुलनाथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छात्र शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति व देश का भविष्य है। विद्यार्थियों का भविष्य ही देश, प्रदेश, जिले व नगर से लेकर कस्बों का भविष्य तय करता है, किन्तु विगत कुछ वर्षों से म.प्र. की भाजपा सरकार में शासकीय भर्तियों में हो रहे घोटाले, प्रश्न पत्रों का लीक होना छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहा है। छात्राओं का विश्वास भी शासकीय भर्तियों से उठ रहा है। किस तरह छात्र-छात्राओं के भविष्य से सरकार खिलवाड़ कर रही यह बात उन तक पहुंचानी नितांत आवश्यक है। उक्त उदगार जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला एन.एस.यू.आई. की शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

नकुलनाथ ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय व महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के संज्ञान में यह बात लानी बेहद आवश्यक है कि भाजपा सरकार ने शासकीय भर्तियां छात्र-छात्राओं को रोजगार दिलाने के लिए नहीं बल्कि घोटाले व गबन करने के लिए लाई है।

उन्होंने अपने उदबोधन में आगे कहा कि एनएसयूआई विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो बुद्धि व विवेक के साथ युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को जगा रहा है साथ ही छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठता है। छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के उपस्थित एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि छात्रहित में लगातार कार्य करें।

अपने सारगर्भित उदबोधन में नकुलनाथ ने कहा कि जिले के समस्त विद्यालय अथवा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक जिले में संचालित स्किल सेन्टर की जानकारी पहुंचाएं ताकि संस्थागत पढ़ाई पूरी करने के उपरांत वे तकनीकी शिक्षा से जुड़कर अविलम्ब रोजगार अथवा स्वरोजगार से जुड़े। विदित हो कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से जिले में संचालित हो रहे स्किल सेन्टरों से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर युवा रोजगार एवं स्वरोजगार से निरंतर जुड़ रहे हैं।

# सांवरी वन परिक्षेत्र के हीरावाड़ी में अवैध रेत उत्खनन रोकने गये वनरक्षको को मारने का किया गया प्रयास



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 17 मार्च 2025 को सुबह लगभग 08:00 बजे परिक्षेत्र सहायक, हीरावाड़ो योगेश उइके, कार्यवाहक वनपाल, बीटगार्ड बोमल्या अरविंद टांडेकर, वनरक्षक, बीटगार्ड जंगलडेहरी सागरदास उदासी, वनरक्षक, बीटगार्ड सातग्वारी विकास भारतीय, वनरक्षक एवं बीटगार्ड तिकाड़ी धनकुमार चौधरी, वनरक्षक द्वारा वनक्षेत्र में गश्ती की जा रही थी। इस दौरान जागोरा से हीरवाड़ी वनमार्ग पर सातनाला के समीप अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया गया। ट्रेक्टर चालक द्वारा ट्रेक्टर को न रोकते हुए वनरक्षकों पर ट्रेक्टर चढ़ाकर कुचलने का प्रसास किया गया। वनरक्षकों द्वारा नाली में कूदकर अपनी जान बचाई गई।

तदुपरांत परिक्षेत्र के अन्य स्टाफ को भेजकर ट्रेक्टर चालक की पतासाजी की गई। ज्ञात हुआ कि ट्रेक्टर चालक दीपक वल्द साहबराव भोमल, साकिन बीजागोरा द्वारा उक्त वारदात को अंजाम दिया गया। टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लावाघोघरी थान में ले जाकर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में भेजकर जेल भेजा गया तथा ट्रेक्टर ट्राली को लाकर जप्ती की कार्यवाही कर लाताघोघरी परिसर में रखा गया।

# सब्जी विक्रेताओं को सड़क से हटाया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अतिक्रमण हटाने के बावजूद और उन्हें जगह अलार्ट होने के बाद भी सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़को में सब्जी की दुकानें लगाकर न केवल यातायात बाधित कर रहे है अपितु आने जाने में आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फलस्वरूप नगर पालिक निगम के अतिक्रमण हटाओं दस्ते ने सड़क से हटा हटाकर परेशान हो गया।

अब 17 मार्च को हिदायत दी गई है कि कोई भी सब्जी विक्रेता यदि सड़क पर सब्जी की दुकाने लगाऐं तो कार्यवाही भी होगी और माल भी जप्त होगा जिसके लिए सब्जी विक्रेता ही जवाबदार होंगे।

बता दें कि पूर्व सब्जी मण्डी तहसील कार्यालय के समीप, सहकारी बैंक के समीप, पानी टंकी के पास सब्जी विक्रेताओं द्वारा जबरिया सड़को पर दुकाने लगाने का कार्य किया जा रहा है।

# भारत विश्वगुरु कैसे बने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने जिले के सांसद विवेक बंटी साहू और जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन देकर भारत को विश्व गुरु कैसे बनाये सुझाव दिया।

ज्ञापन में बताया कि जब पूरे विश्व में सनातन संस्कृति का बोलबाला था तब भारत सोने की चिड़िया था। आज भी हम बहुत सक्षम और सशक्त हैं। हमारे देश में 10 रुपये की 1 चाय आती है, वहीं अमेरिका में 10 डॉलर की याने 870 रुपये की। इतने रुपये में हम 100 लोगो को चाय पिला सकतें हैं। यही बात भोजन पर भी लागू होती हैं। देश की आबादी 140 करोड़ है यहाँ हर घर में कम से कम 1 तोला सोना मिल ही जाता हैं। कई घरों में तो किलो-किलो सोना है। आज भी कई देशों में सोने के जेवरात पहनने में मनाही है क्योंकि वहाँ सोना है ही नहीं। बिना धर्म के या आध्यात्मिकता के भारत विश्वगुरु बन ही नहीं सकता।

सरकार सिर्फ 2 बातों पर ध्यान दे- प्रथम गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और द्वितीय गुरुकुल शिक्षा प्रणाली। गाय को हम सब माँ का दर्जा देते हैं जिसमें 33 कोटि देवी देवता विराजमान हैं। गाय हमको जीवन भर दूध देती है। गाय का दूध मानव जाति के लिए अमृततुल्य है। वहीं गोबर जैविक खेती के लिए और गौमूत्र जीवनरक्षक औषधि के लिए। इससे अर्थव्यवस्था अत्यधिक मजबूत होगी। इसके अनगिनत फ्रयदे है। द्वितीय गुरुकुल शिक्षा प्रणाली आधुनिक शिक्षा व्यवस्था पेट भरने और गुलाम बनाने के लिए है।

भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और चन्द्रगुप्त मौर्य, महाराणा प्रताप इस गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था के उदाहरण हैं। क्योंकि बच्चों को देश भक्ति के, मातृ भूमि के, परहित के संस्कार यहीं से मिलते हैं। आज हमारी सनातन संस्कृति की जय पूरे विश्व में हो रही है। भारत विश्व गुरु बने सर्व प्रथम सनातन संस्कृति के रक्षक बापूजी के उदगार हैं। महाकुंभ में 66 करोड़ लोगों की उपस्थिति और उसी दौरान देश में 71 करोड़ माता पिता पूजे गए इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। भारत पूरे विश्व का मार्गदर्शक बन सकता है। वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत सर्वोपरि है। 21 जून को योग दिवस और 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाना गौरवपूर्ण विषय है।

प्रधानमंत्री को चाहिए कि गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए और गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दे । इससे शीघ्र परिणाम मिल सकते हैं। श्री साहू समय समय अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यानाकर्षण करवाते रहे है। ज्ञापन देते समय साध्वी रेखा बहन, आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम आवास में घपला, सीएमओ जामई सहित नौ पर मामला दर्ज




## फर्जी हितग्राहियों को दिलाया लाभ, जांच के बाद हुई कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फर्जी हितग्राही को पी एम आवास योजना का लाभ दिलाने के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ई.ओ.डब्लयू.) ने जुन्नारदेव नगर पालिका सी.एम.ओ. सत्येंद्र सालवार समेत 9 अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

कूटरचना कर फर्जी हितग्राही को लाभ दिलाने के प्रकरण में सी.एम.ओ. के अलावा शुभलता आर्य, सुरेंद्र उइके, डी.पी. खांडेलकर, उपयंत्री विनय कुमार शुक्ला, जी.एस. चंदेल, लेखापाल मुकेश चौरसिया, दामोदर सोनी, राजस्व निरीक्षक राधेश्याम मर्राफा, फील्ड इंजीनियर मृदुल गौतम पर आपराधिक षडयंत्र रचकर अपने पद का दुरुपयोग कर अनिता पवार पत्नी घनश्याम पवार निवासी वार्ड नं 3 जुनारदेव को कूटरचित कार्यवाही कर प्रधानमंत्री आवास योजना का अवैध लाभ दिलाकर शासन को क्षति कारित करने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है।

जांच के उपरांत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा अपराध क्रमांक 53/25 के तहत धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी आई.पी.सी. एवं धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित अधिनियम) 2018 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में जांचकर्ता कीर्ति शुक्ला, निरीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, इकाई जबलपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

नगर परिषद जुनारदेव के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मिलकर प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता करने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके बाद ई.ओ.डब्ल्यू. ने मामले की जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि अनिता पवार पत्नि घनश्याम पवार के पास पूर्व से ही पक्का मकान है। इसके बावजूद भी आरोपित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा योजना का लाभ दिलाया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत समय-समय पर हितग्राही के प्लाट के फोटो सहित जीओ टेगिंग करना होता है। साथ ही मकान बनाने की प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। जिसके उपरांत हितग्राही को 3 किस्तों में सहायता राशि प्रदान की जाती है। ऐसे में जांच में सामने आया कि कूटरचित दस्तावेज के आधार पर हितग्राही को योजना का लाभ दिलाया गया। बता दें कि इस तरह का मामला केवल एक नगर पालिका में नहीं है दर्जनों नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों के अंतर्गत भी है। यदि वास्तव में शासन की मंशा के अनुरूप आर्थिक अन्वेषण ब्यूरों में शिकायत हो तो निश्चित रूप से पूरे प्रदेश भर में भ्रष्टाचार एवं कूटरचित करने वाले तथाकथित अधिकारियों के साथ साथ सफेदपोश लोक सेवक भी इसके दायरे में आयेंगे। खबर यह भी है कि छिन्दवाड़ा जिले के नगर निगम क्षेत्र के कुछ स्थानों पर पूर्व में अनियमितताऐं की गई है और अनेक योजनाओं में की गई है। यदि इनकी जांच की जाऐं तो कई निर्वाचित लोक सेवक कटघरे में खड़े होंगे और कलम फंसाने वाले आला अफसरों की तो एफ.आई.आर. होना निश्चित मानी जा सकती है। बहरहाल जामई की कहानी चर्चाओं में है।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय के संबंध में बैठक संपन्न



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी. बोपचे की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में प्रभारी अधिकारी सामान्य निर्वाचन एवं संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, इंटरनेशनल एवं नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रो. डॉ. पी.एन. सनेसर और राजनैतिक दल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बोपचे द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को विधानसभा मतदाताओं की जानकारी, ई-पिक कार्ड वितरण की स्थिति आदि से अवगत कराया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

## सार-समाचार

### खेतों में आगजनी में फसलों को क्षति होने पर फसल बीमा योजना में क्षतिपूर्ति राशि कवर की जाये : किसान कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रांतो में गेहूॅ की फसल में विभिन्न कारणों से आगजनी के घटनायें बड़े पैमाने पर घटित होती है। जिला किसान कांग्रेस छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह अधिवक्ता ने बताया कि वर्तमान में जो फसल बीमा योजना लागू की गई है उसमें आगजनी से होने वाली घटनाओं पर क्षतिपूर्ति की राशि कवर नहीं होती इस कारण किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिन किसानों का फसल बीमा होता है उन्हे इसमें कवर किया जाना किसान हित में अत्यंत आवश्यक है। देश के सभी जिलों में किसानों के खेतों में आगजनी में फसलों को क्षति होने पर फसल बीमा योजना में क्षति पूर्ति राशि कवर की जानी चाहिये। उन्होनें बताया कि विगत् दिनों चौरई क्षेत्र के अंतर्गत जमुनिया एवं आमाबोह में आगजनी की घटना से बड़े पैमाने पर किसानों के गेहूॅ की फसल नुकसानी हुई है और फसल जलकर राख हो गयी है। इस परिपेक्ष्य में उन्होनें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया है ताकि आगजनी से नुकसानी पर फसल बीमा योजना में किसानों को क्षति पूर्ति राशि प्राप्त हो सके। चौरई क्षेत्र में आगजनी से प्रभावित किसानों की फसल नुकसानी का सर्वे करवाकर किसानों को तुरंत मुआवजा प्रदान किये जाने की कलेक्टर से मांग की है।

### चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अवधि बढ़ाई गई 21 मार्च तक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 तक थी, जो बढ़ाकर अब 21 मार्च 2025 कर दी गई हैं। उपार्जन कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में चनाए मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 21 मार्च 2025 तक गेहूं के लिये निर्धारित सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषक एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र, सायबर कैफे एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने किसानों से अपील की है कि जिले के किसान नियत समय अवधि में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

### मप्र लोधी समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता जोगेन्द्र सिंह का निधन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. लोधी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी जोगेन्द्र सिंह एडव्होकेट का अचानक 17 मार्च को शाम 5 बजे ह्रदयगति रूक जाने से निधन हो गया है।



जोगेन्द्र सिंह के निधन की खबर मिलते ही लोधी समाज एवं परिजनों में शोक की लहर छा गई। लोधी समाज के सदस्यों ने श्रद्धांजली अर्पित कर स्व. जोगेन्द्र सिंह को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकांकित परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर सहन शक्ति प्रदान करें की कामना की। इस अवसर पर अधिवक्ता देवेन्द्र वर्मा ने भी कार्यकारी अध्यक्ष के निधन पर श्रद्धांजली अर्पित की और कहा कि मध्यप्रदेश लोधी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष हमारे मार्गदर्शक अब हमारे बीच नहीं रहे। उनकी इस कमी को पूरा करना संभव नहीं है। ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें परिजनों को शक्ति प्रदान करें।

# साढ़े तीन किमी सड़क की वर्षो पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने बांटी मिठाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मदनपुर से लेकर सांख और चारगांव के बीच तक लोगों को आवागमन करने में वर्षो तक कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विगत दिनों ग्रामीणों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर उक्त सड़क की स्वीकृति की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों की उस मांग को पूरा करते हुए सड़क स्वीकृत कर दी है। अब जल्द ही मदनपुर से सांख और चारगांव के बीच 3.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो सकेगा।

## मदनपुर से सांख और चारगांव में बनेगी सड़क



उल्लेखनीय है कि वर्षो बाद ग्रामीणों की यह मांग पूरी होने पर तीनो गांव सहित आस पास के कई ग्रामीणजन सोमवार को मदनपुर में एकत्रित हुए और भाजपा के वरिश्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों के बीच मिठाई का वितरण किया। साथ ही इस अवसर पर सभी ने सांसद बंटी विवेक साहू का उक्त सड़क की स्वीकृति दिलाने पर आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिश्ठ नेता संतोष पटेल, रमाकांत पटेल, दिनेश कांत मालवीय, राजेश रघुवंशी, गोपाल पटेल, सरपंच झाडू चौरे, सरपंच रामजी, रामसिंह चौरे, आशीष नरवरे, पवन चौरे, सेवकराम चौरिया, सरपंच शिवनारायण, ब्रज लाल, सरपंच नारायण, नारायण पटेल, सरपंच झलक सिंह, कन्हैया पटेल, रामजी पटेल, रमेश मुकद्दम, सरपंच झनकलाल बिजोलिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भवन निर्माता समिति की बैठक में मनाया गया होली मिलन समारोह



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले में आज भवन निर्माता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। भवन निर्माता समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएं दी और होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

होली मिलन कार्यक्रम के उपरान्त छिंदवाड़ा के समस्त भवन निर्माता सदस्यो ने बारी बारी से अपनी बात रखी तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सभी सदस्यो ने अध्यक्ष पद पर साहेब राव पवार को निर्विरोध चुना एवं भवन निर्माण की नई रेट लिस्ट जारी की जिसे आज दिनांक से मार्केट में लागू किया गया। इस अवसर पर अनेक सदस्यगण मौजूद रहे जिसमे लगभग छिंदवाड़ा शहर के 170 भवन निर्माण ठेकेदार उपस्थित रहे।

# आ बैल मुझे मार का रंगपंचमी कार्यक्रम में आज आयेंगे जूनियर गोविंदा, करिश्मा कपूर एवं शक्ति कपूर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर विगत 22 वर्षों से होते आ रहे आ बैल मुझे मार सम्मेलन का इस 23 वे वर्ष भी आज 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को शाम 6 बजे से स्थानीय दशहरा मैदान पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में भव्य आयोजन किया गया जा रहा है।

उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम राजेश तांत्रिक, जितेन्द्र अलवेला एवं अमित जोशी ने देते हुये बताया कि इस वर्ष आयोजित आ बैल मुझे मार सम्मेलन में आर्केस्ट्रा, डांस एवं जुनियर गोविंदा, शक्ति कपूर एवं करिश्मा कपूर अपनी रंगारंग प्रस्तुति देने छिंदवाड़ा पहॅुच चुके हैं।

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम विगत् 22 वर्षो से सतत चला आ रहा है जो कि अब भव्य रूप से ले चुका है एवं विगत् 2 वर्षो से शहर के हृदय स्थल दशहरा मैदान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति महाकोशल संपादक संघ ने समस्त आमजन से अपील की है कि आज 18 मार्च दिन मंगलवार को शाम 6 बजे दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) में पहुंचकर इस रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाएं। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था है की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# गार्ड और ऑपरेटर ने अपनी गलती को छुपाने रच दी लूट और डकैती की झूठी कहानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एम.पी.ई.बी. के पटनिया केंद्र से कॉपर की रॉड हुई चोरी की झूठी कहानी बताई गई थी पुलिस को जिसकी पुलिस जांच में सच सामने आया कि पूरी कहानी नकली है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि छिंदवाड़ा जिले के सांवरी क्षेत्र के पटनिया उपकेंद्र में कॉपर की 09 रॉड लूटने की जांच करने पहुंची पुलिस के सामने कई चौकाने वाले खुलासे हुए। यहां कोई लूट हुई ही नहीं, ड्यूटी के दौरान ऑपरेटर रामप्रसाद, नितेश और गार्ड नंदकिशोर की लापरवाही के कारण रॉड चोरी हो गई थी। इस पर पूरा स्टाफ नौकरी जाने के डर से एक हो गया और तय किया गया कि ऐसी ही रॉड खरीदकर वापस रख लेते हैं। रॉड खरीदने 03 लोग भोपाल भी गए लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और वैसी की वैसी रॉड नहीं मिली। वापस आकर जे.ई. आदेश मर्सकोले के साथ मिलकर सभी ने लूट की झूठी कहानी बनाकर सांवरी चौकी में रिपोर्ट लिखा दी।

मामले की जांच करने पहुँची पुलिस ने जब अपने अंदाज में पूछताछ की तो कर्मचारियों ने तोते की तरह पूरा सच उगल दिया और फर्जी लूट की झूठी कहानी सामने आ गई। हां पटनिया उपकेन्द्र से 09 रॉड चोरी हुई है, जिसे पुलिस तलाश रही है। झूठी घटनाक्रम तैयार करने वाले आपरेटर व गार्ड के विरुद्द दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। इस तरह झूठी लूट और डकैती का पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने जांच के बाद पर्दाफाश किया।

# वित्तीय लक्ष्य पूर्ण करने के टीएल में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही सभी एस.डी.एम., सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, सी.एम.ओ., ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सहित खंड स्तरीय सभी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने 100 दिवस से ऊपर की लंबित सी एम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया। पिछली समय सीमा की बैठक में निर्देश देने के बावजूद कई विभागों द्वारा इन शिकायतों की सूची विभाग प्रमुख के रिमार्क के साथ प्रभारी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन को नहीं भेजने और सी एम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने पर कड़ी नाराजगी जताई और 2 दिवस के अंदर भी निर्देशों का पालन नहीं होने पर संबंधित सभी अधिकारियों का एक इंक्रीमेंट रोकने का प्रस्ताव संभागीय आयुक्त और विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमित प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा में संतुष्टि के साथ निराकरण करते हुए सभी को ए ग्रेड में आने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दृष्टिगत राजस्व, खनिज, आबकारी, परिवहन विभाग, जिला पंजीयक आदि से वित्तीय लक्ष्य पूर्ति की जानकारी प्राप्त की। आगामी 2 सप्ताह में कड़ी मेहनत करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए हैं। तहसीलदारों को नोटिस जारी करने के बाद भी राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर कुर्की की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सी एम कार्यालय और सी एम हाउस से प्राप्त जितने भी पत्र अभी तक लंबित हैं, संबंधित अधिकारी तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने समय सीमा के एक प्रकरण की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करें और महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रमों में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से ससम्मान आमंत्रित किया जाए। उन्होंने जुन्नारदेव में प्रोटोकॉल उल्लंघन से संबंधित प्रकरण में स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने उप संचालक उद्यानिकी को स्वयं बैंकों में जाकर पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के शेष प्रकरणों में भी हितग्राहियों को ऋण वितरण इसी सप्ताह सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैंए जिससे वार्षिक वित्तीय लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एस.डी.एम. को निर्देश दिए हैं कि आगामी 25 मार्च से गेहूं उपार्जन के लिए सभी खरीदी केंद्र चालू हो जाएं, केन्द्रों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त कर लें। उपार्जन केंद्रों में क्वालिटी के गेहूं की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 31 मार्च तक किया जा सकता है, कृषकों को प्रेरित कर पंजीयन बढ़वाएं। चना, मसूर, सरसों के पंजीयन के लिए भी किसानों को प्रेरित करें।